प्रेस नोट साइबर अपराध थाना जनपद गोरखपुर दिनांक 11.03.2026

साइबर अपराध (डिजिटल अरेस्ट) के नाम पर ठगी करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा साइबर अपराधो पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, पुलिस अधीक्षक अपराध के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी अपराध के पर्वेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक मु0 रसीद खाँ साइबर अपराध थाना गोरखपुर के नेतृत्व में नि0 कपिलदेव चौधरी मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 08/2026 धारा 111(2), 318(4), BNS व 66 डी आईटी एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त विकास विश्वकर्मा पुत्र राधेश्याम विश्वकर्मा निवासी गणेश पुरी कालोनी नासिर पुर थाना चितईपुर जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण

अज्ञात व्यक्तियों द्वारा व्हाट्सएप कॉल कर स्वयं को अधिकारी बताकर डिजिटल अरेस्ट कर वादिनी के दो बैक खातों से RTGS के माध्यम से पैसों की ठगी कर लेने के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

विकास विश्वकर्मा पुत्र राधेश्याम विश्वकर्मा निवासी गणेश पुरी कालोनी नासिर पुर थाना चितईपुर जनपद वाराणसी

गिरफ्तारी की टीम-

1. नि0 कपिलदेव चौधरी
2. उ0नि0 रजत शुक्ला
3. का0 राम प्रसाद चौधरी
4. का0 अभय प्रताप सिंह

जन-जागरूकता हेतु साइबर सुरक्षा सुझाव (Cyber Crime Awareness Tips)

1. OTP /UPI PIN/पासवर्ड/कार्ड CVV किसी भी परिस्थिति में किसी को न दें—बैंक/सरकार कभी फोन/व्हाट्सएप पर नहीं मांगते।
2. QR Code स्कैन करके पैसा नहीं आता, जाता है। अनजान QR स्कैन "Collect Request" स्वीकार न करें।
3. वीडियो-KYC/Screen Share / AnyDesk / QuickSupport जैसी ऐप्स से बचें-स्क्रीन शेयरिंग से खाता खाली हो सकता है।
4. कस्टमर केयर नम्बर गूगल से न लें; हमेशा बैंक/सर्विस की आधिकारिक वेबसाइट/ऐप से हेल्पलाइन जांच।
5. नौकरी/लाइक-एंड-अर्न/क्रिप्टो /इन्वेस्टमेंट में असामान्य रिटर्न का लालच ठगी का संकेत है—जांचें, निवेश न करें।
6. कूरियर/पुलिस/केवाईसी सस्पेंड/वीजा/पार्सल के नाम पर आ रहे धमकाने वाले कॉल/लिंक पर क्लिक न करें,भुगतान न करें।
7. सिर्फ आधिकारिक/वेरिफ़ाइड ऐप्स इंस्टॉल करें; ऐप परमिशन सीमित रखें; फोन/बैंकिंग ऐप अपडेटेड रखें।
8. मजबूत पासवर्ड + 2FA/ऑथेंटिकेटर सक्षम करें; पासवर्ड दोहराएं नहीं।
9. अकाउंट स्टेटमेंट/UPI हिस्ट्री नियमित जांचें; अनधिकृत ट्रांजैक्शन दिखे तो तुरंत कार्रवाई करें।
10. Mule Account बनना अपराध है—कमीशन/कट पर अपने खाते से किसी के पैसे न घुमाएँ; यह मनी-लॉन्ड्रिंग है।
11. ठगी का संदेह हो तो कॉल/चैट तुरंत बंद करें, मैसेज/UTR/स्क्रीनशॉट संभालें और रिपोर्ट करें।
12. 24-48 घंटे के अंदर रिपोर्ट करने पर लेन-देन फ्रीज़/ट्रेस होने की संभावना अधिक रहती है।
13. राष्ट्रीय हेल्पलाइन: 1930 | पोर्टल: cybercrime.gov.in
14. स्थानीय सहायता: साइबर अपराध थाना, जनपद गोरखपुर (सीयुजी +91 7839876674) से संपर्क करें।